जाग उठा हमारा
RNI No.-MPHIN/2001/14172
आजाद हिन्दुस्तान
AZAD हिन्दुस्तान LIVE
वर्ष-23 अंक-20 | इन्दौर/खरगोन/बड़वाह - 16 मई से 22 मई 2023 | सम्पादक : नवरत्नमल जैन | Email.azadindore@gmail.com | पेज-4 | वार्षिक मूल्य- 150 रु.

कर्नाटक जीत के बाद बड़वाह कांग्रेस में जश्न का महौल

कर्नाटक जीत के बाद कांग्रेस के हौसले बुलंद

मध्यप्रदेश में कांग्रेस महिला सम्मान नीधि, गेस सिलेंडर, किसान कर्जमाफी एवं भ्रष्टाचार को बनाएगी चुनावी मुद्दा

भाजपा ने कहा- मध्यप्रदेश में मतदाता भाजपा के साथ- कांग्रेस के लिये जीत केवल सपना रहेगी

बड़वाह -हिमाचल के बाद अब कर्नाटक जैसे बडे राज्य में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत ने जहां दक्षिण को भाजपा मुक्त बना दिया वही इस ऐतिहासिक जीत के बाद प्रदेश में कांग्रेस के हौसले बुलंद है। जीत के बाद कांग्रेस नेता श्री दिग्विजय सिंह ने मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस को 140 से अधिक सीटे मिलने का दावा किया वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महा सचिव श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस को दिवा स्वप्न देखने से कोन रोक सकता है, यहां भाजपा की जडे बहुत मजबूत है इसलिये जीत भाजपा की होगी। कांग्रेस की शानदार जीत के बाद पूरे प्रदेश की तरह बड़वाह विधानसभा में भी बड़वाह -सनावद बेडिया में कांग्रेस पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओ ने जमकर आतिश बाजी की और एक दूसरे की गले मिलते हुए मिठाईयां खिलाकर बधाइयां दी। कर्नाटक जीत के बाद बड़वाह शहर में जय स्तंभ चौराहे पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री नीलेश रोकडिया, सनावद में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री आशीष चौधरी के नेतृत्व में जीत का जश्न मनाया गया।

कर्नाटक के बाद मध्यप्रदेश में भी बनेगी कांग्रेस सरकार - नीलेश रोकडिया

जश्न के बाद उत्साह से लबरेज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री नीलेश रोकडिया ने कहा कि कर्नाटक की जीत से मतदाताओं ने अब पूरे प्रदेश में बदलाव के पुख्ता संकेत दे दिये है। उन्होने कहा कि कर्नाटक की जनता ने भाजपा की ध्रुवीकरण की राजनीति को पूरी तरह नकार कर भ्रष्टाचार, महंगाई, एवं जनभावना से जुडे मुद्दों पर अपना वोट दिया यही कारण है कि कांग्रेस को जहां 135 सीटे मिली वहीं भाजपा केवल 66 सीटों पर सीमट गई।

श्री रोकडिया ने कहा कि यह तो एक शुरूआत है। 6 माह बाद आने वाले मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ एवं राजस्थान में भी भाजपा को करारी हार का सामना करना पडेगा। श्री रोकडिया ने कहा कि प्रदेश में भी कांग्रेस भाजपा सरकार के राज में नीचे से उपर तक फेले भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी के साथ ही महिला सम्मान योजना, 500 में गेस सिलेंडर एवं भाजपा द्वारा खरीद फरोख्त कर प्रदेश मे बनाई सरकार के बाद अधुरी रही किसान कर्ज माफी को मुद्दा बनाकर चुनाव लडेगी और कर्नाटक की तरह ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी

बजरंग बली ने भी कांग्रेस का साथ दिया- तिलोक राठोड एवं आशीष चौधरी

कांग्रेस में टिकिट के प्रबल दावेदार श्री तिलोक राठोड़ ने कहा कि पूरे चुनाव में जनसमस्याओं से जुडे मुद्दो के बजाय भाजपा ने बंजरग बली, हिन्दु मुस्लिम आदि को चुनावी मुद्दा बनाया लेकिन वहां के लोगों ने इसे नकार दिया और कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत दिलाई क्यो कि कांग्रेस जनता के मन की बात सुनकर उनसे जुडे मुद्दों के आधार पर चुनाव लड रही थी। सनावद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री आशीष चोधरी ने विश्वास जताया कि आने वाले प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत शत प्रतिशत तय है। जनता ने अब भाजपा को नकारना प्रारंभ कर दिया

मध्यप्रदेश में कांग्रेस की जीत सपना ही रहेगी, यहां भाजपा की जडे बहुत गहरी-महिम ठाकुर एवं श्री राकेश गुप्ता

वहीं भाजपा जिला महामंत्री श्री महिम ठाकुर एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस भले ही कर्नाटक जीत से अति उत्साहित है, उनका उत्साहित होना भी लाजमी है क्यो कि बरसो बाद जीत मिली है लेकिन मध्य प्रदेश एवं कर्नाटक की तासीर में बहुत फर्क है। मध्यप्रदेश में भाजपा के प्रति यहां के लोगों का विश्वास एवं

प्यार रहा है यहां भाजपा की जडे बहुत गहरी है इसलिये आने वाले चुनाव में भी प्रदेश में भाजपा की जीत तय है। यहां पर प्रधानमंत्री श्री मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने जिस तरह गरीबो को प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान, लाडली बहना योजना की शुरूआत एवं शासन की कल्याण कारी योजनाओं को धरातल पर पहूंचाया है उससे यहां के मतदाता कांग्रेस के झूठे प्रचार में आने वाले नही है। जीत सब का साथ -सबका विकास के नारे पर भाजपा की होगी।

कुल मिलाकर कांग्रेस एवं भाजपा के नेताओं के दावे से अलग यह तय है कि आने वाला विधानसभा चुनाव भाजपा एवं कांग्रेस के लिये प्रतिष्ठा का सवाल है। आने वाले चुनाव में जनता फैसना करेगी कि कांग्रेस में सिंधिया की बगावत के बाद भाजपा की बनी सरकार से प्रदेश कीजनता कितनी संतुष्ठ है। वो भाजपा की लाडली बहना योजना को पंसद करती है या फिर कांग्रेस की महिला सम्मान योजनाएवं 500 मे गेस सिलेंडर व किसान कर्जमाफी जैसे योजना लेकर आरही कांग्रेस के दावों को यह आने वाला समय ही बतायेगा। लेकिन यह तय है कि आने वाले चुनाव भाजपा सरकार एवं भाजपा के लिये किसी चुनौती से कम नही होगें।